RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

जिनके कंधों पर टिका, है पूरा परिवार।
महामहिम उनका महज, वेतन तीस हजार।
वेतन तीस हजार, मूल्य बस यही लगाया।
इतना सस्ता नहीं, घरों में मां का साया।
कह साहिल कविराय, बिखर जायेंगे तिनके।
घर-समाज है टिका, मात्र कंधों पर इनके।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 140 | SATURDAY DATE 13-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रही मोदी सरकार: शाह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

पीएम नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यकाल 12 साल पूरा हो गया है। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,



''मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।''

उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 70 प्रतिशत महिलाओं को बिना गारंटी ऋण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। वहीं, 'लखपति दीदी', 'करोड़पति दीदी' और स्वयं सहायता समूहों जैसी योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमित शाह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने राजनीति में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी का मार्ग भी प्रशस्त किया है। गृह मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि आज महिलाएं सेना, अंतरिक्ष, खेल, अनुसंधान और उद्योग समेत हर क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत की नारी शक्ति राष्ट्रीय विकास की प्रमुख प्रेरक शक्ति बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान, आर्थिक सशक्तीकरण और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका के माध्यम से महिलाएं आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ भारत के भविष्य को आकार दे रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कोलकाता के सरकारी भवन में भीषण आग: 4,000 ईवीएम खाक

**कोलकाता, यूटर्न/ 12 जून ।** कोलकाता के अलीपुर स्थित एक सरकारी बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में करीब 4,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) जलकर राख हो गईं। राज्य के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा राज्यमंत्री कौशिक चौधरी ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद घटना में साजिश की आशंका जाहिर की है। गुरुवार को सुवेंदु सरकार के मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह सामान्य आग नहीं लगती। उन्होंने विशेष रूप से आग के फैलने के पैटर्न पर सवाल उठाया, जहां दूसरी और तीसरी मंजिल से शुरू हुई आग चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल को अपेक्षाकृत कम प्रभावित करते हुए सीधे ऊपरी मंजिलों (सातवीं से दसवीं) तक जा पहुंची। नष्ट हुई ईवीएम मशीनों का उपयोग हाल ही में संपन्न हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में 10 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया था। इस भीषण अग्निकांड में कई महत्वपूर्ण सरकारी फाइलें व कागजात भी जलकर खाक हो गए।

### पश्चिम बंगाल में स्कूल से 1.77 करोड़ रुपये जब्त, लेखाकार हिरासत में

**कोलकाता, यूटर्न/ 12 जून ।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापारा में निजी स्कूल से पुलिस ने करीब 1.77 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। इस मामले में संस्थान के लेखाकार अभीक कुमार नाग को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह जब्ती वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोपों के बाद की गई एक विशेष गोपनीय सूचना आधारित तलाशी अभियान का परिणाम है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रात भर चले अभियान के दौरान स्कूल के एक बंद कमरे से नकदी से भरे आठ पैकेट बरामद किए गए।

# विकसित भारत की यात्रा में नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है दिल्ली : रेखा गुप्ता

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आधुनिक अवसंरचना, बेहतर सम्पर्क, जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार और विकसित दिल्ली के संकल्प के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी विकसित भारत की यात्रा में नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है।

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में श्रीमती गुप्ता और दिल्ली प्रदेश भारतीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

श्रीमती गुप्ता ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के 12 साल नाम से आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि श्री मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर सबसे लंबे समय तक देश का नेतृत्व करने की उपलब्धि हासिल की है। उनका नेतृत्व करोड़ों भारतीयों के लिए विश्वास का आधार बना है।

गरीब को सम्मान, युवाओं को अवसर, महिलाओं को सामर्थ्य, किसानों को संबलता और मध्यम वर्ग को नयी आशा देने वाली नीतियों ने जनकल्याण को शासन का केंद्र बनाया है। वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा ने प्रत्येक भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है।



उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन की साक्षी दिल्ली भी बनी है। आधुनिक अवसंरचना, बेहतर सम्पर्क, जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार और विकसित दिल्ली के संकल्प के माध्यम से राजधानी, विकसित भारत की यात्रा में नयी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है।

श्रीमती गुप्ता ने कहा, 'हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें ऐसा दूरदर्शी, संवेदनशील और निर्णायक नेतृत्व प्राप्त हुआ है, जिसने सेवा को राजनीति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का संकल्प बनाया। प्रधानमंत्री को हार्दिक शुभकामनाएं।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों में लिखी गयी विकास, विश्वास और जनसेवा के संकल्प नयी इबारत

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन के दौरान देश में विकास, विश्वास और जनसेवा के संकल्प की नयी इबारत लिखी गयी है और भारत ने खेत खलिहान से लेकर चन्द्रयान तक तथा गांव की चौपाल से लेकर वैश्विक मंचों तक अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। श्रीमती गुप्ता और दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में केंद्र में मोदी सरकार के 12 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर श्रीमती गुप्ता ने कहा कि आज का दिन नये भारत की उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के पद को जनसेवा का माध्यम बनाया और देश की 140 करोड़ जनता तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा, 'यह हम सबने देखा है और नेतृत्व की नयी परिभाषा लिखने का काम किया है।



### नेपाल में सड़क किनारे खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, आठ की मौत और 16 घायल

**काठमांडू, यूटर्न/ 12 जून ।** नेपाल के सेंट्रल कवरेपालनचोक जिले के बुच्चाकोट इलाके में बीपी हाईवे के पास सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। बीपी हाईवे के पास एक पैसेंजर बस सड़क किनारे खाई में गिर गई। जिला प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलने पर राहत और बचाव अभियान चलाया गया। कवरेपालनचोक के जिला प्रमुख गोपाल कुमार अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि बस में सवार कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 घायल यात्रियों का जिले के धुलीखेल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। अधिकारी ने कहा, 'घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।' घटना के बाद, पुलिसवालों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायलों को बचाया और हॉस्पिटल पहुंचाया। बस कावरेपालनचोक के बनेपा से सुंगुरे जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार दोपहर नमोबुद्धा म्युनिसिपैलिटी के बुच्चाकोट में एक खाई में गिर गई। अधिकारी ने बताया कि बस हाईवे से करीब 300 मीटर नीचे गिर गई। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

### भारत इनोवेट्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन को सुदृढ़ करता है: धर्मेंद्र प्रधान



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को भारत इनोवेट्स पर दो रणनीतिक दस्तावेज जारी किए, जिनमें उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों में निहित भारत के उभरते नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया गया है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उस दृष्टिकोण को सुदृढ़ करती है, जिसके तहत भारत को ज्ञान के उपभोक्ताओं के राष्ट्र से ज्ञान के निर्माताओं, नवोन्मेषकों और प्रौद्योगिकी नेताओं के राष्ट्र में परिवर्तित किया जाना है। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद; विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार; उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी; नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन के मिशन निदेशक दीपक बागला; शिक्षा मंत्रालय में तकनीकी शिक्षा की संयुक्त सचिव सौम्या गुप्ता और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में हाईटेक ई-बस सेवा शुरू, सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी

» **नोएडा, यूटर्न/ 12 जून ।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के लिए हाईटेक इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में तीन अत्याधुनिक ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन आधारित बसों का भी फ्लैग ऑफ किया गया। नई व्यवस्था के तहत नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 11-11-11 कुल 33 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इन बसों का संचालन



बोटेनिकल गार्डन से किया जाएगा, जो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, सेक्टर-62, कौशांबी बस डिपो और ग्रेटर नोएडा वेस्ट सहित प्रमुख स्थानों को आपस में जोड़ेंगी। इससे लाखों यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन ई-बसों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक बस में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग ड्राइवर सीट से की जा सकेगी।

# देश अब नारे नहीं, काम पर वोट देता है : पुष्कर सिंह धामी

» **देहरादून, यूटर्न/ 12 जून ।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड जनकल्याण, सुशासन, सेवा, गरीब कल्याण और जन-जन के उत्थान को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक देवभूमिवासी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष का एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 7 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर रहते हुए सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष भी पूर्ण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने। जनता ने 2014, 2019 और 2024 में लगातार तीन बार अपना आशीर्वाद देकर यह सिद्ध कर दिया कि देश अब नारे नहीं, बल्कि काम पर वोट देता है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास से भरा, सुरक्षित और विश्व में सम्मानित राष्ट्र बन चुका है।



# लोकसभा स्पीकर से मुलाकात से पहले टीएमसी के बागी सांसदों की दिल्ली में अहम बैठक, सीएम सुवेंदु अधिकारी भी रहेंगे मौजूद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी गुट की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके अगले ही दिन सोमवार को स्पीकर से मुलाकात का कार्यक्रम तय है।

सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि स्पीकर से मुलाकात से पहले बागी गुट अपनी आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा करेंगे और भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करेंगे।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि लोकसभा स्पीकर से होने वाली मुलाकात से पहले यह बैठक बेहद निर्णायक साबित हो सकती है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बैठक के बाद बागी सांसद कौन सा अगला कदम उठाते हैं और उनकी रणनीति किस दिशा में आगे बढ़ती है।



इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों के बीच चर्चा तेज है। कुछ का मानना है कि इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की एक व्यापक राजनीतिक रणनीति हो सकती है। पश्चिम बंगाल में अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद भाजपा अब राष्ट्रीय स्तर पर भी तृणमूल कांग्रेस के प्रभाव को सीमित करने की कोशिश कर सकती है। इसी संदर्भ में बागी सांसदों के साथ संवाद और समन्वय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दूसरी ओर, टीएमसी के भीतर बढ़ती असहमति और आंतरिक चुनौतियों को लेकर भी चचाएं तेज हैं। पार्टी पहले से ही विभिन्न राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है और बागी नेताओं की गतिविधियों ने उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विपक्षी दल और राजनीतिक पर्यवेक्षक इस घटनाक्रम को पश्चिम बंगाल की राजनीति के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण मान रहे हैं। अब सबकी नजर रविवार की बैठक और सोमवार को लोकसभा स्पीकर के साथ होने वाली मुलाकात पर है।

# दिल्ली के इस हॉस्पिटल में नौकरी का मौका, 25 पदों के लिए तुरंत करें आवेदन, 17 जून अंतिम तिथि



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

जनकपुरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (जेएसएसएच), नई दिल्ली ने अलग-अलग स्पेशलिटी में फैकल्टी और स्पेशलिस्ट ग्रेड-क्कक के विभिन्न 25 पदों को 89 दिनों के लिए एड-हॉक आधार पर भरने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

जेएसएसएच की ओर से जारी 25 रिक्तियों में प्रोफेसर के 6, एसोसिएट प्रोफेसर के 4, असिस्टेंट प्रोफेसर के 4 और स्पेशलिस्ट ग्रेड-क्कक के 11 पद शामिल हैं। वहीं, स्पेशलिटी के अनुसार प्रोफेसर के 6 पद - कार्डियोलॉजी, एनेस्थीसिया, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और रेडियोलॉजी से 1-1; एसोसिएट प्रोफेसर के 4 पद - गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी और रेडियोलॉजी से 1-1; असिस्टेंट प्रोफेसर के 4 पद - एनेस्थीसिया, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और रेडियोलॉजी से 1-1; स्पेशलिस्ट ग्रेड-क्कक के 11 पद - कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी से 2-2 एवं न्यूक्लियर मेडिसिन, ऑन्कोलॉजी व रेडियोलॉजी से 1-1 पद शामिल हैं।

इन सभी पोस्ट के लिए ऑफलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 10 जून से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 17 जून तय की गई है। ऐसे में जो उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, उन्हें तय अंतिम तिथि के शाम 4 बजे तक या उससे पहले अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म निर्धारित केंद्र पर पहुंचाने की सलाह दी जाती है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास भर्ती नियमों के अनुसार मेडिकल योग्यताओं के साथ ही विशिष्ट पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री और प्रासंगिक क्षेत्र में तय वर्षों का अनुभव एवं अन्य निर्धारित पात्रता व कौशल का होना भी अनिवार्य है। आवेदकों की अधिकतम आयु पोस्ट अनुसार, 45 से 60 वर्ष के बीच तय की गई है, जिसकी गणना आवेदन की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी। योग्य अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग, इंटरव्यू आदि के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद चयनित कैंडिडेट्स की सैलरी पद अनुसार 67,700 से 3,05,000 रुपए के बीच प्रति माह होगी। इसी के साथ कैंडिडेट्स को स्पेशलिस्ट ग्रेड-क्ककपद के लिए अन्य लाभ और भत्ते भी दिए जाएंगे।

# कमल हंदूजा बरवाला ने मुख्य अभियंता बने एफ.आर. नकवी को दी शुभकामनाएं

**राजेश सलूजा/हरियाणा, यूटर्न/ 12 जून ।** भारतीय जनता पार्टी आईटी टीम के जिला सह प्रमुख एवं हरियाणा दैनिक निष्पक्ष समाचार पत्र के स्टेट ब्यूरो चीफ कमल हंदूजा बरवाला ने हिसार स्थित विद्युत सदन में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के वरिष्ठ अधिकारी एफ.आर. नकवी को अधीक्षण अभियंता, हिसार से मुख्य अभियंता पद पर पदोन्नत होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा आईटी टीम के सदस्य तरसेम पूनिया ने भी एफ.आर. नकवी को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त मुख्य अभियंता (मैटेरियल एवं मेटलिस्ट) दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एफ.आर. नकवी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता निगम के सभी स्टोरों में आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना रहेगी, ताकि विद्युत सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और प्रदेश के उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ऊर्जा क्षेत्र के विकास एवं उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निगम की पूरी टीम पूर्ण निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही है। कमल हंदूजा ने कहा कि एफ.आर. नकवी एक अनुभवी, कर्मठ एवं दूरदर्शी अधिकारी हैं। उनके नेतृत्व और अनुभव का लाभ निश्चित रूप से निगम तथा विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एफ.आर. नकवी के मार्गदर्शन में निगम उपभोक्ताओं को और अधिक बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सफल होंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी एफ.आर. नकवी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक नेतृत्व ने रचा नया कीर्तिमान, देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया : भतेरी देवी

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 12 जून । भारतीय जनता पार्टी की जिला सचिव भतेरी देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार 12 वर्ष तक देश का नेतृत्व करने और भारतीय राजनीति में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर प्रसन्नता व्यक्त की है। भतेरी देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर आज तक केंद्र सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ा है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं के लिए अवसर, आधुनिक बुनियादी ढांचा और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश को नई दिशा दी है। आज भारत की आवाज वैश्विक मंचों पर पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है और दुनिया भारत को एक मजबूत, सक्षम और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में देख रही है। भतेरी देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए का जनाधार लगातार बढ़ा है तथा देश के अनेक राज्यों में जनता ने विकास और सुशासन की राजनीति पर विश्वास जताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीघार्यु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका समर्पित नेतृत्व आने वाले वर्षों में भी देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

# दिल्ली पुलिस ने ऑटो-लिफ्टर गैंग का भंडाफोड़ किया, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।** वाहन चोरी और आदतन अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और कई अलग-अलग अभियानों में 15 चोरी की दोपहिया गाड़ियां बरामद की हैं। यह कार्रवाई कई पुलिस थानों में समन्वित तरीके से की गई। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह अभियान दिल्ली पुलिस वेस्ट जिले की टीमों द्वारा चलाया गया, जिसमें थाना तिलक नगर, थाना मायापुरी और थाना पंजाबी बाग शामिल थे। इस अभियान के दौरान 11 वाहन चोरी के मामलों का भी खुलासा हुआ और एक अवैध हथियार भी बरामद किया गया।

# उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर -प्रथम दिवस

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 12 जून । धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर का शुभारंभ आज विभिन्न खापों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, युवा प्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में देशवाल खाप, माजरा खाप, कंडेला खाप, उझाना खाप, दहिया खाप, दहाड़न खाप, सहारण खाप, नरवाल खाप सहित उत्तर भारत की अनेक खापों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सामाजिक एकता एवं समाज सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



शिविर के प्रथम दिवस का मुख्य विषय 'युवाओं का नैतिक पतन, बढ़ती नशाखोरी एवं सामाजिक भटकाव' रहा। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व से दूरी तथा जीवन के स्पष्ट लक्ष्यों के अभाव के कारण समाज में गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान चौ. कृष्ण श्योकंद, देशवाल खाप के प्रधान चौ. संजय देशवाल, राष्ट्रीय संयोजक चौ. संदीप सहरावत एवं डॉ. जोगेंद्र मोर सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने युवाओं को शिक्षा, नैतिक मूल्यों, कौशल विकास, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का आ'ान किया।

चिंतन सत्र में युवाओं में बढ़ती सामाजिक उदासीनता, परिवार एवं समाज के प्रति घटती संवेदनशीलता, ग्रामीण एवं शहरी जीवनशैली के प्रभाव तथा सामाजिक समरसता के विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से नशा मुक्ति अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने, गांव-गांव जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा युवाओं को खेल, शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी सत्रों में 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व, शिक्षा संस्थानों की जवाबदेही तथा समाज सुधार से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

# बीटेक छात्र से मोबाइल फोन लूटा, विरोध पर थप्पड़ मारकर गाल काटा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 12 जून ।** थानाक्षेत्र के लाजपत नगर स्थित ए ब्लॉक निवासी बीटेक छात्र त्रिदेव शर्मा से बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने छात्र को थप्पड़ मारकर मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। घटना के दौरान बदमाशों के हाथ में कोई नुकीली वस्तु थी और इस वजह से छात्र का गाल भी कट गया। वारदात के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की, लेकिन चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने लूट के बजाय गुमशुदगी दर्ज कराने की बात कही। साथ ही बदमाशों को पकड़ने के लिए भी कोई प्रयास नहीं किया। वारदात 8 जून की सुबह की है, पुलिस ने 10 जून की रात प्राथमिकी दर्ज की है।

दर्ज मामले में त्रिदेव शर्मा ने बताया कि वह बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र हैं और सोमवार सुबह करीब 11:15 बजे जिम से लौट रहे थे। जेएमडी स्टोर के पास बाइक सवार दो बदमाश उनके पास पहुंचे। उन्होंने मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। उन्होंने विरोध किया तो बदमाशों ने गाल पर थप्पड़ मारकर हाथ से मोबाइल फोन लूटकर ले गए। बदमाशों ने हाथ में कोई नुकीला हथियार ले रखा था और उससे गाल कट गया। वह घटना के बाद पास में चौकी पर गए तो पुलिसकर्मियों को लूट की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने बदमाशों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया। पीड़ित ने तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद घटना की जानकारी उन्होंने अपने पिता अधिवक्ता हरीश कुमार शर्मा का दी। वह थाने लेकर गए तो मामला दर्ज किया गया। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कानपुर में कई इंस्पेक्टरों के तबादले में गोविंद नगर पहुंचे अपराधियों के खिलाफ अग्रणी इंस्पेक्टर अशोक दुबे

» सुनील बाजपेई



कानपुर, यूटर्न/ 12 जून । कानपुर के कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले यहां के पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कई थानेदारों में फेर बदल बदल किया है, जिसके क्रम में चकेरी अनवर गंज और किदवई नगर के बाद अब चुनौती पूर्ण गोविंद नगर की कमान इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे के हवाले की है। गोविंद नगर से पहले नौबस्ता, चकेरी ,जाजमऊ, घाटमपुर ,अनवरगंज और किदवई नगर में भी पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के मामले में इंस्पेक्टर अशोक दुबे की नेतृत्व कुशलता सदैव सफल रही है और अब कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा कठोर परिश्रम के साथ पीड़ितों के हित में अपराधियों के खिलाफ गोविंद नगर में भी सक्रिय है।

दरअसल पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल की मंशा चार्ज के मामले में केवल उन्हीं थानेदारों को महत्व देना है ,जो कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करते हुए अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करते हैं ,जिनमें इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे का भी नाम शामिल है। जहां तक प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर के रूप में तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है , उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है ।यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपनी धुन के भी पक्के बेहद निडर और स्वाभिमानी इंस्पेक्टर अशोक दुबे ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले इंस्पेक्टर अशोक दुबे की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ..

## बीसीआई के स्पष्ट प्रतिबंध आदेशों की अवहेलना कर हिसार बार में कराया गया चुनाव अवैध व शून्य : रजत कल्सन



**हरियाणा, यूटर्न/ 12 जून ।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा जारी स्पष्ट प्रतिबंधात्मक आदेशों और अंतरिम निलंबन के बावजूद आज डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, हिसार में कथित रूप से अवैध चुनाव संपन्न कराए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में अधिवक्ता रजत कल्सन ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन को विस्तृत शिकायत भेजकर तत्काल हस्तक्षेप और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता रजत कल्सन ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष द्वारा 11 जून 2026 को पारित आदेश के माध्यम से स्वयंभू रिटर्निंग ऑफिसर अधिवक्ता दिलीप जाखड़ को अंतरिम रूप से वकालत के पेशे से निलंबित किया गया था तथा उन्हें किसी भी चुनावी रिकॉर्ड को छूने या उपयोग करने से भी प्रतिबंधित किया गया था। बीसीआई ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा था कि 12 जून 2026 को अथवा उसके बाद कराया गया कोई भी मतदान अथवा मतगणना पूर्णतः अवैध, शून्य और कानून की दृष्टि में अमान्य होगी। इसके बावजूद आज हिसार बार परिसर में चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया, जो न केवल बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेशों की खुली अवहेलना है बल्कि एडवोकेट्स एक्ट एवं बार काउंसिल नियमों की भी घोर अवमानना है।

# आठवीं कक्षा के इतिहास बाबा बंदा सिंह बहादुर के पाठ्यक्रम को जोड़कर सिख गुरुओं का किया मुख्यमंत्री ने सम्मान



» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 12 जून । गुलाब सिंह वड़ैच गांव मूनक ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया कि उन्होंने सिख समाज से किया गया वादा पूरा करते हुए कक्षा 8वीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरु साहिबानों तथा बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के इतिहास को शामिल किया है। सिख गुरुओं की शिक्षाएं मानवता, समानता, सेवा, त्याग, भाईचारे और न्याय का संदेश देती हैं। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद साहब जी तक सभी गुरु साहिबानों ने मानवीय मूल्यों को ऊंचा उठाने और समाज को नई दिशा देने में अतुलनीय योगदान दिया है। उनकी कुर्बानियां और उपदेश केवल सिख समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

इसी प्रकार बाबा बंदा सिंह बहादुर जी ने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनका जीवन संघर्ष, वीरता, देशभक्ति और जनकल्याण की भावना का प्रतीक है ।स्कूली पाठ्यक्रम में इस इतिहास को शामिल करने से बच्चों को अपनी महान विरासत, इतिहास और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। नई पीढ़ी गुरु साहिबानों की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझेगी और अच्छे नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

मैं एक बार फिर माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी का धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने सिख समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए इस महत्वपूर्ण निर्णय को अमली रूप दिया। यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और हमारी साझा सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को और अधिक सशक्त बनाए। वाहेगुरु जी से प्रार्थना है कि वे हरियाणा को निरंतर प्रगति और समृद्धि प्रदान करें तथा समाज के कल्याण के लिए ऐसे जनहितैषी निर्णय निरंतर लिए जाते रहें।




# एमडीडी ऑफ इंडिया ने पुलिस के सहयोग से रेलवे स्टेशन पर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया

### बाल श्रम न केवल समाज के लिए न केवल अभिशाप बल्कि कानूनन अपराध भी है : मालती अरोड़ा

» **पानीपत, यूटर्न/ 12 जून ।**

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह या 'एक्शन मंथ' के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निदेर्शों के तहत की गई। इन निदेर्शों में बाल मजदूरी की शिकायत वाले इलाकों में छानबीन करने व बच्चों को मुक्त कराने के लिए साझा अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में जिला प्रशासन , जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, स्टेट क्राइम ब्रांच, बाल कल्याण समिति, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और समाज के जागरूक कार्यकर्ता शामिल हैं। एम डी डी ऑफ इंडिया बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है।

बच्चों से बेहद अमानवीय और शोषणकारी स्थितियों में काम लिया जा रहा है। स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थितियों में मामूली पैसे पर इन्हें दिन रात खटाया जाता है जिससे इनकी सेहत व मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

जून महीने को बाल श्रम के खिलाफ 'एक्शन मंथ' के तौर पर मनाया जाता है और चूंकि बाल दुव्यार्पार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल मजदूरी का मुख्य कारण है, इसलिए नागरिक समाज संगठन इस दौरान पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर दुव्यार्पारियों और उनके गठजोड़ की शिनाख्त के लिए कड़ी नजर रखते हैं। इस मौके पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए एम डी डी ऑफ इंडिया के निदेशक श्री सुरिंदर सिंह मान जी ने कहा, 'शोषण व मजदूरी से मुक्त कराए गए हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार, सुरक्षा व गरिमा की आज एक बार फिर बहाली हुई है। बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम कर देता है, लिहाजा इस समस्या से तत्काल निपटने की जरूरत है। बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं बल्कि स्कूल में है। चूंकि ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी आपसे में गहरे तक जुड़े हैं, हम ट्रैफिकिंग की रोकथाम, बच्चों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन प्रशासन व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय के साथ काम करते रहेंगे।

# 28000 मिड डे मील वर्कर्स 18 जून को पूरे राज्य में शवयात्रा , निकालकर करेंगे , पुतला दहन

### 10 अगस्त को मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर भरेंगे , जेल

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 12 जून । सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी पानीपत में मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी की तरफ से संयुक्त प्रेस अभियान जारी करते हुए सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान निर्मल अहलावत ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री के गैर जिम्मेदार आना व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पिछले लगभग 2 वर्षों से मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर बार-बार शिक्षा मंत्री का दरवाजा खटखटा रही है। लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है लेकिन आश्वासन के बाद भी मिड डे मील वर्कर्स की मांगों पर आज तक कोई भी बातचीत करके राहत प्रदान नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 3 अगस्त 2025 को हजारों की संख्या में पूरे हरियाणा से मिड डे मील वर्कर्स ने शिक्षा मंत्री के पानीपत आवास का घेराव किया और जिसके चलते उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए बुलाया जाएगा लेकिन मई 2026 बीत गया लेकिन कोई बातचीत नहीं की गई। फिर दोबारा यूनियन ने शिक्षा मंत्री के आवास का 5 जून को घेराव करने के लिए लिखित नोटिस दिया गया। ६शिक्षा मंत्री ने राज्यव्यापी घेराव को देखते हुए बातचीत के लिए 9 जून 2026 का समय दिया और कहा कि प्रत्येक 10:00 बजे चंडीगढ़ सचिवालय के अंदर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की जाएगी। जिसके चलते मिड डे मील वर्कर्स यूनियन कि राज्य कमेटी ने सकारात्मक रूक अपनाते हुए 5 जून के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। शिक्षा मंत्री के निमंत्रण के अनुसार प्रतिनिधिमंडल सुबह 9:00 बजे चंडीगढ़ पहुंच शिक्षा मंत्री के कार्यालय से बैठक में सम्मिलित होने के लिए पास जारी किए गए, जब प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ सचिवालय शिक्षा मंत्री के कार्यालय में पहुंचा, वहां शिक्षा मंत्री नहीं मिले और सूचना मिली वह तो दो दिन बाहर मीटिंग में व्यस्त हैं और ऑफिस नहीं आएंगे।

*इतने बड़े महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह का व्यवहार बिल्कुल शोभा नहीं देता अगर बैठक नहीं करनी थी तो पहले ही सूचना दे देते हरियाणा बरसे महिलाएं वहां पर आई। शिक्षा मंत्री के इस व्यवहार के खिलाफ 10 जून को रोहतक के अंदर राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाकर आगामी आंदोलन की घोषणा की गई जिसमें महिला विरोधी भाजपा सरकार और उसके शिक्षा मंत्री के खिलाफ विरोध स्वरूप पूरे राज्य के अंदर सभी जिलों पर शवयात्रा निकलते हुए पुतला दहन करने का निर्णय लिया।



# नाबालिग बच्चियों के अपहरण मामले में थाना कलायत पुलिस द्वारा आरोपी गिरफ्तार

**रवि जैस्ट/कलायत ।** नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एसएचओ थाना कलायत पीएसआई अमन की अगुवाई में पीएसआई अमित कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव अन्दाना पंजाब निवासी रमन को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बात्ता निवासी महिला की शिकायत अनुसार उनकी बेटी सुबह सजुमा रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर कुरुक्षेत्र जाने के लिए घर से निकली थी। उसके साथ उसकी दयोहती (13-14 वर्ष) तथा (8-9 वर्ष) भी रेलवे स्टेशन जाने वाली थी। इसी दौरान एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक दोनों बच्चियों को रेलवे स्टेशन छोड़ने के बहाने अपने साथ ले गया, लेकिन उन्हें स्टेशन पर न उतारकर पंजाब की तरफ ले जाने लगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ताओं व बैनामा लेखकों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू


**लोनी, यूटर्न/ 12 जून ।** ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में लोनी के अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों ने बृहस्पतिवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। अधिवक्ता और बैनामा लेखक रामपार्क कॉलोनी में धरने पर बैठ गए। पदाधिकारियों ने सरकार के ई-पंजीकरण व्यवस्था को वापस लेने तक आंदोलन जारी रहने की चेतावनी दी है। लोनी तहसील बार एसोसिएशन के सचिव विजय आनंद ने बताया कि ई-पंजीकरण व्यवस्था अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेताओं के लिए ही अनुकूल नहीं है। इस व्यवस्था से आम जनमानस के लिए भी अनेक समस्याएं पैदा होंगी। ग्रामीणों और अन्य नागरिकों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा। प्रक्रिया को पूर्ण ऑनलाइन करने पर आम जनता की पहुंच न्यायिक एवं राजस्व सेवाओं तक सीमित रह जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार ई-पंजीकरण व्यवस्था को वापस नहीं लेती है या पुनर्विचार नहीं करती है तो आंदोलन जारी रहेगा। संवाद

### बुजुर्ग को आठ माह से नहीं मिली थी पेंशन... दिया अपना मानदेय

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 जून ।** कलेक्ट्रेट में बृहस्पतिवार दोपहर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर बैठी 70 वर्षीय बुजुर्ग को ऐसा पल मिला, जिसे वह जीवनभर नहीं भूल पाएंगी। बुजुर्ग आठ महीने से पेंशन न मिलने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। जनसुनवाई पूरी होने के बाद भी वह कार्यालय के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने उन्हें देखा और बाहर ही उनकी शिकायत सुनी। पेंशन न मिलने की शिकायत पर उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी से जानकारी मांगी और पेंशन से जुड़े मामलों की विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की। इसके अलावा उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा से प्राप्त अपने 22 हजार रुपये से अधिक के मानदेय की राशि बुजुर्ग को दे दी तथा जल्द ही उनकी पेंशन खाते में ट्रांसफर करवाने का आश्वासन दिया।

# चौथी मंजिल पर लगी आग में फंसे बुजुर्ग दंपति, पुलिस और फायर टीम ने सुरक्षित बचाया

**» नोएडा, यूटर्न/ 12 जून ।**



नोएडा के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के ओवरसीज अपार्टमेंट में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अपार्टमेंट की चौथी मंजिल स्थित एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर सर्विस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और साहसिक अभियान चलाकर फ्लैट में फंसे बुजुर्ग दंपति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि ओवरसीज अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में आग लग गई है और वहां तीन लोगों के फंसे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-49 पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर जांच के दौरान पता चला कि फ्लैट के अंदर लगभग 86 वर्षीय बुजुर्ग और उनकी 83 वर्षीय पत्नी मौजूद थे। अधिक उम्र होने के कारण, दोनों चलने-फिरने में असमर्थ थे और फ्लैट के अंदर धुएं के बीच फंस गए थे। स्थिति बेहद गंभीर थी क्योंकि फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद था और पूरे घर में घना धुआं भर चुका था। ऐसे में फायर सर्विस और पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए हाइड्रोलिक मशीन और अन्य आवश्यक उपकरणों की मदद से फ्लैट का दरवाजा काटा। इसके बाद जवानों ने धुएं से भरे फ्लैट में प्रवेश किया और दोनों बुजुर्गों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के बाद पुलिस ने तत्काल दोनों बुजुर्गों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद बताया गया कि दोनों की हालत सामान्य है और वे खतरे से बाहर हैं।

# दिल्ली में लखपति बिटिया को 1 लाख की गारंटी, अस्पतालों में फ्री एमआरआई और सीटी स्कैन

**» दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली @2047 का विजन पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व बदलाव लाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दिल्ली लखपति बिटिया योजना शुरू की है, जिसके तहत मानकों को पूरा करने वाली बेटी को 18 वर्ष की आयु पर 1 लाख रुपये की गारंटी दी गई है। आंगनवाड़ियों के कायाकल्प के लिए समर्थ पहल शुरू की गई है, जो पालना, पोषण और पढ़ाई जैसे छह स्तंभों पर आधारित है। महिलाओं के उत्पादों के लिए रानी हाट (महिला हाट आउटलेट) बनाए जा रहे हैं और सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा के लिए सहेली पिंक कार्ड लॉन्च किया गया है।

### शिक्षा में एआई को किया शामिल

मुख्यमंत्री ने पीएम को बताया कि सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए छात्राओं को मुफ्त साइकिल दी जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 75 सीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं और 8,777 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम बनाए जा चुके हैं। इस साल से छात्रों के लिए व्यक्तिगत शिक्षण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एकीकृत किया गया है।

### देश का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ और अनमोल योजना शुरू

सीएम ने कहा, स्वास्थ्य क्षेत्र में, दिल्ली सरकार पीपीपी मॉडल के तहत सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा देने जा रही है। द्वारका में पहला ब्रेन हेल्थ क्लिनिक और नवजात शिशुओं की निगरानी के लिए अनमोल योजना शुरू की गई है।

### 1 लाख करोड़ की सड़कें और प्रदूषण मुक्त परिवहन बढ़ा रहे

सीएम ने कहा कि केंद्र के सहयोग से दिल्ली में 1 लाख करोड़ रुपये का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है और मेट्रो नेटवर्क 500 किलोमीटर तक फैल चुका है। मार्च 2027 तक दिल्ली की सड़कों पर 5,800 से अधिक ईवी बसें दौड़ेंगी। यमुना की सफाई के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ एक कोऑर्डिनेशन टीम बनाई गई है और 35 नए विकेंद्रीकृत एसटीपी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, शहर के लिए 50 वर्षों में पहली बार नया मास्टर ड्रेनेज प्लान लागू किया गया है।

### पीडब्ल्यूडी के लिए अलग इंजीनियरिंग कैडर की मांग

मुख्यमंत्री ने दिल्ली की प्रगति को और तेज करने के लिए केंद्र से कुछ महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। उन्होंने दिल्ली के पीडब्ल्यूडी इंजीनियरिंग कैडर को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अलग करने और दिल्ली को दी जाने वाली केंद्रीय सहायता को अन्य राज्यों के समान बढ़ाने का अनुरोध किया। प्रदूषण मुक्त विनिर्माण उद्योगों के लिए केंद्र की भव्य योजना में दिल्ली को शामिल करने का आग्रह किया गया है।

# दूध कारोबारी अपहरणकांड का पुलिस ने आरोपियों के साथ किया सीन रिक्रिएट

**लोनी, यूटर्न/ 12 जून ।** गनौली गांव निवासी दूध कारोबारी ओमकार को गोली मारकर अपहरण करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कि आरोपी मोहित को रिमांड पर लेकर सीन रिक्रिएट किया। पुलिस बृहस्पतिवार को आरोपी को खड़खड़ी अंडरपास पर लेकर पहुंची। वहां पर कारोबारी के साथ हुई घटना को फिल्माया गया। आरोपी मोहित और गौरव को 6 दिन के लिए रिमांड पर लिया गया है। वहीं, वारदात के 10 दिन बाद भी पुलिस कारोबारी के लिए गंग नगर में सर्च अभियान चला रहीं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि ओमकार की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही हैं, लेकिन अभी कामयाबी नहीं मिल सकी है। पुलिस ने आरोपी मोहित और गौरव का कोर्ट से छह दिनों के लिए रिमांड लिया है। बृहस्पतिवार को पुलिस दोनों को घटनास्थल पर लेकर गई और सीन रिक्रिएट किया। इससे पुलिस को थोड़ी उम्मीद बढ़ी है कि दूध कारोबारी को तलाश किया जा सकता है। पुलिस की कई टीम मेरठ से हाथरस तक गंगनहर में कारोबारी की तलाश कर रही हैं। वारदात के बाद भागे हुए तीन आरोपियों के बारे में भी अहम सुराग मिले हैं और उनको भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# दिल्ली पुलिस ने मालवीय नगर में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**» दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**



दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधियों के पैरों में गोली लगी। घायल दोनों अपराधी गाजियाबाद के लोनी इलाके के रहने वाले हैं। उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, मालवीय नगर इलाके के अरबिंदो कॉलेज के पास देर रात दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। देर रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि गाजियाबाद के दो अपराधी मालवीय नगर इलाके में किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। क्राइम ब्रांच ने अरबिंदो कॉलेज के पास जाल बिछाया, लेकिन पुलिस को देखते ही अपराधियों ने भागने की कोशिश की। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दोनों घायल हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में घायल होने पर दोनों बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपराधियों की पहचान गाजियाबाद के लोनी इलाके के रहने वाले गोपाल और सौरभ के रूप में हुई। फिलहाल, दिल्ली पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने कई राज्यों में नकली कॉल सेंटरों के जरिए चलाए जा रहे शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर शादी से जुड़ी सेवाओं के नकली विज्ञापनों के जरिए लोगों को फंसाया जाता था। आरोपी ग्वालियर, गुना, अयोध्या और आजमगढ़ में धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों का नेटवर्क चला रहा था। इसी तरह दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र के रहने वाले एक युवक को फंसाया गया था।



# सेंट्रल नोएडा पुलिस का बड़ा अभियान, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 414 लोगों पर कार्रवाई

**» नोएडा, यूटर्न/ 12 जून ।**

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन तथा डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र कुमार सिंह एवं एडीसीपी सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सेंट्रल नोएडा जोन की पुलिस ने व्यापक अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत 11 जून को सेंट्रल नोएडा जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बाजारों, पार्कों, सड़कों के किनारे, सार्वजनिक स्थलों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी। कार्रवाई के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून व्यवस्था एवं सामाजिक माहौल को प्रभावित कर रहे थे। इस अभियान के तहत पुलिस ने कुल 414 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 292 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों को भी असुविधा होती है और कई बार विवाद एवं अपराध की घटनाओं को भी बढ़ावा मिलता है।

# छात्रा से मिलने आया बीटेक छात्र फंदे पर लटका मिला, पुलिस को लगता है आत्महत्या; परिजन बोले हत्या

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 जून ।** मसूरी स्थित फ्लोरा एन्क्लेव में बृहस्पतिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 112 पर बीसीए की एक छात्रा ने खुद को कमरे में बंद किए जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन फ्लैट के दूसरे कमरे में बीटेक छात्र अमरोहा निवासी अमन (23) का शव फंदे से लटका मिला। वह पंजाब के मोहाली जिले में बनूड़ स्थित एक यूनिवर्सिटी में बीटेक कंप्यूटर साइंस का छात्र था। वह पढ़ाई में मेधावी था और बीटेक तृतीय वर्ष में यूनिवर्सिटी टॉपर रह चुका था। मसूरी थाना पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। कार्यवाहक एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अमन बुधवार को अपनी दोस्त अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली रितिका से मिलने गाजियाबाद आया था। रितिका डासना के एक कॉलेज में बीसीए अंतिम वर्ष की छात्रा है और फ्लोरा एन्क्लेव स्थित फ्लैट में दो अन्य युवतियों के साथ किराये पर रहती है। एसीपी के अनुसार, रितिका ने पुलिस को बताया कि उसकी और अमन की दोस्ती करीब चार वर्ष पुरानी थी। पिछले दो महीनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसी को लेकर अमन बुधवार रात उससे मिलने पहुंचा था, लेकिन कुछ देर बाद वहां से चला गया। बृहस्पतिवार तड़के वह फिर फ्लैट पर पहुंच गया। दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ।

रितिका का आरोप है कि इसी दौरान नाराज होकर अमन ने उसे कमरे में बंद कर दिया। उस वक्त उसकी दोनों रूममेट फ्लैट पर मौजूद नहीं थीं। ऐसे में रितिका ने 112 पर कॉल किया। एसीपी ने बताया कि फ्लैट में तीन कमरे हैं। सुबह करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो एक कमरे में रितिका बंद थी, जिसे बाहर निकाला गया। दूसरे कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़ने पर कमरे में अमन का शव फंदे से लटका मिला। उसके मोबाइल फोन व कॉल डिटेल की जांच की जा रही है। चंडीगढ़-पटियाला हाईवे स्थित स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में पढ़ने वाला अमन बीटेक कंप्यूटर साइंस का छात्र था।

# तेल कंपनियों को प्रतिदिन हो रहा करीब 500 करोड़ रुपए का नुकसान

## रिटेल आउटलेट्स से बल्क डीजल बिक्री पर रोक से मिलेगी राहत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को रिटेल आउटलेट्स पर बल्क डीजल की बिक्री पर रोक लगा दी। इसकी वजह तेल कंपनियों को राहत देना था, जो कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के चलते प्रतिदिन 500 करोड़ रुपए की अंडर रिकवरी (बिक्री और लागत में अंतर) का सामना कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि 'मोटर स्पिरिट और हाई-स्पीड डीजल आदेश, 2026' के तहत ऐसे अस्थायी उपाय लागू किए गए हैं जो शुरू में 90 दिनों तक लागू रहेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य रिटेल ग्राहकों के लिए बिना रुकावट डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना और सब्सिडी वाले रिटेल ईंधन की आपूर्ति को बल्क यूजर्स की ओर जाने से रोकना है।



नए नियमों के तहत, रिटेल आउटलेट डीजल सिर्फ गाड़ियों के टैंक या पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पीईएसओ) से मंजूरी प्राप्त कंटेनरों में ही देंगे। इसमें हर ग्राहक या गाड़ी के लिए रोजाना अधिकतम 200 लीटर की सीमा तय की गई है।

हालांकि, रिटेल आउटलेट से खरीदे गए डीजल को दोबारा बेचा नहीं जा सकता है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल, इंस्टीट्यूशनल, कमर्शियल और डायरेक्ट कंज्यूमर्स को रिटेल आउटलेट से डीजल खरीदने से मना किया गया है; उन्हें तय कंज्यूमर पंपों से ही आपूर्ति लेनी होगी। सरकार के अनुसार, रिटेल आउटलेट पर डीजल की मांग में अचानक बढ़ोतरी के बाद ये पाबंदियां लगाई गई हैं, क्योंकि बल्क कंज्यूमर्स कम रिटेल कीमतों का फायदा उठाने के लिए पीएसयू फ्यूल स्टेशनों से खरीदारी करने लगे थे।

साथ ही, रिटेल डीजल अभी बल्क डीजल के मुकाबले लगभग 40 रुपए प्रति लीटर सस्ता है, क्योंकि ग्लोबल एनर्जी की कीमतें ज्यादा होने के बावजूद सरकारी तेल कंपनियां कीमत में राहत दे रही हैं।

सरकार के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल के बीच घरों, किसानों और दूसरे ग्राहकों को बचाने के लिए सरकारी फ्यूल रिटेलर्स अभी पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर हर दिन लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान उठा रहे हैं। मई 2026 के आंकड़ों से पता चला है कि पीएसयू रिटेल आउटलेट्स के जरिए डीजल की बिक्री में तेजी से बढ़ोतरी हुई है; 327 जिलों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत से ज्यादा और 80 जिलों में 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई।



## रिटेल पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल की थोक बिक्री पर 90 दिनों के लिए लगा प्रतिबंध

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

भारत सरकार ने पेट्रोल (मोटर स्पिरिट) और हाई-स्पीड डीजल की बिक्री को लेकर नए प्रतिबंध लागू किए हैं। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, अब रिटेल पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने पर रोक रहेगी और संस्थागत व व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत का ईंधन उनके निर्धारित उपभोक्ता या कैप्टिव पंपों से ही लेना होगा।

सरकार का कहना है कि यह कदम रियायती या रिटेल कीमतों पर मिलने वाले ईंधन के दुरुपयोग और दूसरी जगह बेचे जाने (डायवर्जन) को रोकने के लिए उठाया गया है। यह आदेश फिलहाल 90 दिनों तक लागू रहेगा, हालांकि सरकार चाहे तो इसे पहले वापस ले सकती है या इसमें बदलाव कर सकती है।

नए नियमों के तहत पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे किसी एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल न बेचें। इसके अलावा, पेट्रोल पंप से खरीदे गए डीजल को आगे दोबारा बेचने पर भी रोक लगा दी गई है। इससे बड़ी मात्रा में ईंधन की आवाजाही पर निगरानी और सख्त होगी। सरकार ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रिटेल पेट्रोल पंपों पर बिकने वाला ईंधन मुख्य रूप से आम उपभोक्ताओं के उपयोग में आए।

## स्पेसएक्स के आईपीओ से एलन मस्क की संपत्ति 970 अरब डॉलर के पार पहुंची, दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने के करीब

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**



एलन मस्क की अंतरिक्ष और सैटेलाइट कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प (स्पेसएक्स) ने अपने अब तक के सबसे बड़े प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ इतिहास रच दिया है, जिससे यह सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों के टॉप लिस्ट में पहुंच गई है, और इसी के साथ कई रिपोर्टों के अनुसार, इसके संस्थापक एलन मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 970 अरब डॉलर से ज्यादा हो गई है, जिससे वह दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (1 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति वाले व्यक्ति) बनने के और करीब आ गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेसएक्स ने अपने शेयरों की कीमत 135 डॉलर प्रति शेयर तय की है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने लगभग 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसे इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बताया जा रहा है, जिसके बाद कंपनी का कुल मूल्यांकन करीब 1.77 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।

स्पेसएक्स के शेयर 12 जून को नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज पर 'एसपीसीईएक्स' टिकर नाम से लिस्ट होकर कारोबार शुरू करेंगे।

आईपीओ की कीमत तय होने के बाद एलन मस्क की संपत्ति में लगभग 275 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 971 अरब डॉलर तक पहुंच गई है (ब्लूमबर्ग बिलियनर्स इंडेक्स के अनुसार)।

आईपीओ मूल्यांकन के आधार पर स्पेसएक्स में एलन मस्क की हिस्सेदारी और शेयर विकल्पों का मूल्य लगभग 688 अरब डॉलर आंका गया है।

नियामकीय दस्तावेजों के अनुसार, 1 मई तक मस्क के पास 84.94 करोड़ क्लास-ए शेयर और 557 करोड़ क्लास-बी शेयर थे। दोनों श्रेणियों को मिलाकर उनके पास कुल लगभग 642 करोड़ शेयर हैं।

आईपीओ पूरा होने से पहले स्पेसएक्स की दोहरी शेयर संरचना के कारण एलन मस्क कंपनी की लगभग 85 प्रतिशत वोटिंग पावर को नियंत्रित करते हैं। कंपनी की शेयर संरचना के तहत क्लास-बी शेयर को 10 वोट का अधिकार मिलता है, जबकि क्लास-ए शेयर के पास केवल एक वोट का अधिकार होता है।

## बिक्री के मामले में हुंडई क्रेटा को पीछे छोड़ा महिंद्रा स्कार्पियो ने

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**




भारतीय बाजार में मई 2026 में महिंद्रा स्कॉर्पियो ने बिक्री के मामले में लंबे समय से शीर्ष पर रही हुंडई क्रेटा को पीछे छोड़ दिया। बीते महीने में स्कॉर्पियो की कुल 15,774 इकाइयां बिकीं, जबकि क्रेटा 15,235 इकाइयों पर सिमट गई। स्कॉर्पियो देश की चौथी सबसे ज्यादा बिकने वाली खेल उपयोगी गाड़ी बन गई और क्रेटा पांचवें स्थान पर खिसक गई। हालांकि स्कॉर्पियो और क्रेटा अलग-अलग श्रेणियों के वाहन हैं झ स्कॉर्पियो एक बड़ी, तीन-पंक्तियों वाली छह या सात यात्रियों की क्षमता वाली एसयूवी है, जबकि क्रेटा पांच यात्रियों के लिए तैयार किया गया मध्यम आकार का वाहन है झ फिर भी बिक्री में यह उलटफेर बाजार की बदलती पसंद को दर्शाता है। स्कॉर्पियो अपनी मजबूत बनावट, ऊंची सड़क क्षमता, शक्तिशाली प्रदर्शन और लंबे सफर में आरामदायक अनुभव के कारण ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में निरंतर लोकप्रियता हासिल कर रही है। यह युवा ग्राहकों के साथ-साथ बड़े परिवारों की भी पहली पसंद बनी हुई है। वहीं, क्रेटा, अपने आकर्षक डिजाइन, आधुनिक तकनीक और विद्युत संस्करण के बावजूद दूसरे स्थान पर रही, पर अभी भी अपने वर्ग में मजबूत पकड़ बनाए हुए है।

## सैमसंग गैलेक्सी ए27 का नया लीक आया सामने

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**



आने वाले सैमसंग गैलेक्सी ए27 को लेकर एक नया लीक सामने आया है, जिसमें फोन को नए और खूबसूरत ऑसम मिंट कलर विकल्प में देखा गया है। पूर्व में यह स्मार्टफोन ब्लैक, ब्लू और पिंक कलर वेरिएंट में भी लीक हो चुका था, जिससे संकेत मिलता है कि कंपनी इस बार यूजर्स को चार आकर्षक कलर का ऑप्शन दे सकती है। एक पॉपुलर टिप्स्टर द्वारा साझा किए गए रेंडर्स में सैमसंग गैलेक्सी ए27 का डिजाइन भी देखने को मिला है। तस्वीरों से पता चलता है कि कंपनी अपने परिचित गैलेक्सी ए-सीरीज डिजाइन को बरकरार रख सकती है, जिसमें फ्लैट फ्रेम, सेंटर पंच-होल डिस्प्ले और पीछे की तरफ ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया जाएगा। फीचर्स की बात करें तो, सैमसंग गैलेक्सी ए27 में 6.7 इंच का फुल-एचडी+ डिस्प्ले मिलने की उम्मीद है, जो 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा, जिससे स्क्रॉलिंग और गेमिंग का अनुभव स्मूद होगा। परफॉर्मेंस के लिए इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 प्रोसेसर दिए जाने की चर्चा है, जो मल्टीटास्किंग और गेमिंग के लिए अच्छा प्रदर्शन दे सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### फसल बीमा नवीनीकरण में घमासान, कंपनियां मांग रही मोटा कमीशन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।** फसल बीमा कारोबार पिछले कुछ वर्षों में काफी लाभदायक रहा है, जिसका फायदा अब बीमा कंपनियां पुनबीर्मा कंपनियों से मोटा कमीशन वसूल कर उठा रही हैं। नवीनीकरण के समय देसी-विदेशी पुनबीर्मा कंपनियों में बढ़ती होड़ के कारण बीमा कंपनियां उनसे बढ़ी कमीशन की मांग कर रही हैं। उद्योग अधिकारियों के मुताबिक बीमा कंपनियां इस बार प्रीमियम का 5 से 8 प्रतिशत कमीशन मांग रही हैं, जो पहले 3 से 5 प्रतिशत के बीच था। इस वृद्धि की मुख्य वजह फसल बीमा क्षेत्र में बढ़ता मुनाफा और पुनबीर्मा कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पिछले कुछ वर्षों में दावों में कमी और प्रीमियम दरों में गिरावट के बावजूद क्षेत्र लाभदायक बना हुआ है। केंद्र की नई तीन-वर्षीय योजना के विलंब के कारण अधिकतर राज्य इस बार एक वर्ष के लिए ही फसल बीमा की निविदाएं लाए हैं, जबकि पहले तीन साल की निविदाएं आती थीं। विशेषज्ञ इसे देरी की वजह मान रहे हैं। इस समय अल नीनो के संभावित प्रभाव को जोखिम का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। अंतिम समझौतों पर मुहर लगना अभी बाकी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को खरीफ में 2 फीसदी, रबी में 1.5 फीसदी और वाणिज्यिक फसलों में 5 फीसदी जैसे कम प्रीमियम का भुगतान करना होता है।

### फॉक्सवैगन और जीप ने पेश की आकर्षक बायबैक योजना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।** कार निर्माता कंपनियां फॉक्सवैगन और जीप ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी पर ऐसे ऑफर शुरू किए हैं, जिनके तहत ग्राहक वाहन को कुछ वर्षों तक इस्तेमाल करने के बाद कंपनी को वापस देकर उसकी मूल एक्स-शोरूम कीमत का बड़ा हिस्सा हासिल कर सकते हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य ग्राहकों के लिए वाहन खरीद को अधिक सुरक्षित और आर्थिक रूप से लाभकारी बनाना है। फॉक्सवैगन ने अपनी एसयूवी टाइगुन के लिए सबसे आकर्षक बायबैक योजना पेश की है। कंपनी के अनुसार, ग्राहक यदि तीन वर्ष तक वाहन का उपयोग करते हैं और उसकी कुल दौड़ 30,000 किलोमीटर तक रहती है, तो उन्हें वाहन की मूल एक्स-शोरूम कीमत का 75 प्रतिशत तक वापस मिल सकता है। फिलहाल फॉक्सवैगन टाइगुन की कीमत 10.99 लाख रुपये से शुरू होकर 19.29 लाख रुपये तक जाती है। इस योजना को देश में उपलब्ध सबसे बेहतर बायबैक ऑफरों में से एक माना जा रहा है।

## केंद्र सरकार हर भारतीय नाविक की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है: मंत्री

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्र सरकार भारतीय नाविकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार विदेश मंत्रालय, भारतीय नौसेना, विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों, मित्र देशों के समुद्री प्रशासन, शिपिंग कंपनियों, नाविक कल्याण संगठनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि जरूरत पड़ने पर भारतीय नाविकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि सरकार हर भारतीय नाविक की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा, 'सभी संबंधित मंत्रालय, एजेंसियां और विदेशों में स्थित भारतीय मिशन आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं ताकि जरूरत पड़ने पर समय पर सहायता और समर्थन उपलब्ध कराया जा सके।'

हाल के दिनों में इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों से जुड़ी सुरक्षा घटनाओं ने समुद्री परिवहन के सामने बढ़ते खतरों को उजागर किया है। पलाऊ के झंडे वाले मीडियम रेंज टैंकर एमटी सेटेबेलो पर ओमान के सोहार बंदरगाह से लगभग 20 समुद्री मील उत्तर-पूर्व दिशा में मिसाइल हमला होने की खबर सामने आई थी। इस जहाज पर कुल 28 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 भारतीय नाविक शामिल थे। जहाजरानी महानिदेशालय के तहत काम करने वाली सीफेरर्स वेलफेयर फंड सोसाइटी (एसडब्ल्यूएफएस) प्रभावित नाविकों और उनके परिवारों को पात्रता के अनुसार कल्याणकारी लाभ, वित्तीय सहायता और अन्य जरूरी मदद देने के लिए तैयार है।

# ई-पंजीकरण के विरोध में जिलेभर में हड़ताल और धरना, अधिवक्ता-बैनामा लेखक लामबंद

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 जून ।**

बैनामों की ई-पंजीकरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में जिलेभर में अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों का आंदोलन तेज हो गया है। गाजियाबाद, मोदीनगर और लोनी में बृहस्पतिवार से अनिश्चितकालीन धरना और हड़ताल शुरू कर दी गई। आंदोलनकारियों ने सरकार से नई व्यवस्था वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के चलते पंजीकरण कार्य प्रभावित रहा। तहसील बार




एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि चार जून को जारी शासनादेश के तहत ई-पंजीकरण का कार्य निजी संस्था से कराने की तैयारी की जा रही है। उनका कहना है कि इससे पंजीकरण प्रक्रिया जटिल होगी और अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टांप विक्रेताओं समेत हजारों लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।

हालांकि, एसआईजी स्टांप एसबी चंद्रा ने स्पष्ट किया कि शासन का आदेश केवल प्राधिकरण, आवास विकास और यूपीसीडा की संपत्तियों के प्रथम बैनामों से संबंधित है। अन्य संपत्तियों की पंजीकरण प्रक्रिया पहले की तरह जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। मोदीनगर में दस्तावेज लेखक संघ की स्थानीय इकाई ने उप निबंधक कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। आंदोलनकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था लागू होने पर पंजीकरण संबंधी कार्य निजी कंपनी के नियंत्रण में चला जाएगा, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित होगी। उनका आरोप है कि नई व्यवस्था में पक्षकारों की उपस्थिति संबंधित संस्था के कार्यालय में अनिवार्य होगी और पूरी प्रक्रिया निजी एजेंसियों के माध्यम से संचालित होगी। उधर, लोनी तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और बैनामा लेखकों ने भी रामपार्क कॉलोनी में धरना शुरू कर दिया।

# स्याही और रबर स्टैंप बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 12 जून ।**

नंदग्राम थाना क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित स्याही और रबर स्टैंप बनाने वाली फैक्टरी और उसके गोदाम में आग लग गई। स्याही में प्रयोग होने वाले कैमिकल और रबर में लगी आग से उठे धुआं का गुब्बार देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने तीन वाटर ब्राउजर और सात टैंकों से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि कोतवाली फायर स्टेशन पर करीब दो बजे सूचना मिली कि नंदग्राम थाना क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित आरएनजी ट्रेडिंग कंपनी में आग लगी है। मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंची। कंपनी के ग्राउंड और प्रथम फ्लोर पर आग नहीं पहुंची थी, मात्र दूसरी मंजिल में आग धधक रही थी। दूसरी मंजिल पर स्याही बनाने वाली यूनिट और स्टैंप की प्लेट में लगने वाली रबर में जोरों से आग धधक रही थी। रबर से निकला धुआं काफी नुकसानदेह था और आसपास के लोग भी हलकान रहे। वैशाली से दो और साहिबाबाद से एक वाटर ब्राउजर मंगाकर टैंकों से पानी की बौछार की गई। करीब आधा घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## आवासीय क्षेत्र में लगी आग से मचा हड़कंप

सीएफओ ने बताया कि कंपनी के आसपास आवासीय भवन और अन्य कंपनियों के गोदाम हैं। टीम ने सबसे पहले उस हिस्से में पानी की बौछार की जहां आग बाहर निकलने का अंदेशा था। आग बाहर आ जाती तो काफी नुकसान हो जाता और आवासीय क्षेत्र में फैल जाती। ऐसे में दमकल विभाग की टीम मास्क पहनकर दूसरी मंजिल पर पहुंची और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। उसके बाद चारों ओर से पानी की बौछार की गई।

# लेनदेन के विवाद में चलाई गोली, क्रिकेट कोच के पैर में लगी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 12 जून ।**

सेक्टर-10 में रुपयों के लेन-देन के विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बड़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट के साथ ही गोली भी चलाई गई। गोली लगने से सिकंदर नामक युवक जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो स्कॉर्पियो कार में भी इस दौरान तोड़-फोड़ की गई। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एसीपी वेस्ट कपिल अहलावत ने बताया कि सेक्टर-10 थाना में प्राथमिक दर्ज कर जांच शुरू की गई और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में टीम लगी है।

आरोपियों में पानीपत के समालखा निवासी विकास और भीमगढ़ खेड़ी का अर्जुन साहू शामिल हैं। विकास ने मौके पर गोली चलाई थी। पुलिस की प्राथमिक जांच में 1.63 लाख रुपये को लेकर विवाद



होने की बात सामने आई है। गोली लगने से घायल हुए क्रिकेट कोच सिकंदर ने पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उसकी दोस्ती सेक्टर-10 निवासी प्रॉपर्टी डीलर आशीष से है। आशीष का अर्जुन के साथ रुपयों का लेनदेन है। बुधवार रात लगभग 8 बजे अर्जुन ने आशीष को धमकी दी थी। सिकंदर और आशीष सेक्टर-10 स्थित ऑफिस में बैठे थे।

# 10 झुग्गियों में लगी आग, दमकल की टीमों ने एक घंटे में पाया काबू

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 12 जून ।**

घाटा गांव स्थित बंजारा मार्केट के पास झुग्गियों में बृहस्पतिवार की दोपहर में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही सेक्टर-29 फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकल की टीमों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही की हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, झुग्गियों में रखा काफी सामान जल गया।

बृहस्पतिवार की दोपहर बाद करीब 3:45 बजे अज्ञात कारणों से बंजारा मार्केट के पास झुग्गियों में आग लग गई। झुग्गियों में रहने वालों परिवारों व आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन काबू नहीं किया जा सका। इसके बाद सेक्टर-29 फायर स्टेशन को झुग्गियों में आग



लगने की सूचना दी गई जिसके बाद तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटना में झुग्गियों में रखा सामान जल गया। सेक्टर-29 फायर स्टेशन से सब अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। संभावना है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन नहीं मिला तो ठेले पर घर ले गए शव

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 12 जून ।** बीके नागरिक अस्पताल में एक बार फिर शव वाहन उपलब्ध न होने का मामला सामने आया है। सांस की तकलीफ से पीड़ित एक व्यक्ति की मौत के बाद परिजनों को शव घर ले जाने के लिए वाहन नहीं मिला। मजबूरी में परिजन मृतक के शव को सब्जी वाले ठेले पर रखकर घर ले गए। घटना ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार राहुल कॉलोनी निवासी फिरोज पिछले कई दिनों से सांस संबंधी बीमारी से परेशान थे। मंगलवार रात अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां भी होने लगीं। परिजन उन्हें तुरंत बीके नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के कुछ समय बाद ही फिरोज ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद उन्हें शव को घर ले जाने के लिए कोई वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद व्यवस्था नहीं होने पर उन्हें सब्जी वाले ठेले का सहारा लेना पड़ा। इसके बाद परिजन शव को ठेले पर रखकर अपने घर ले गए। यह पहला मामला नहीं है। इसी साल जनवरी में एक टीबी पीड़ित महिला की मौत के बाद परिजनों को शव वाहन नहीं मिला था। उस समय भी शव को ठेले पर ले जाने का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया था।

### साइबर ठगों को बैंक खाता मुहैया कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 12 जून ।** साइबर ठगों को बैंक खाता मुहैया कराने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान यूपी के बुलंदशहर का मोंटी और हाथरस का मनीष कुमार के रूप में हुई। साइबर क्राइम थाना पूर्व की टीम ने आरोपी मोंटी को ग्रेटर नोएडा से और मनीष को दिल्ली के उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपियों को 1 दिन के रिमांड पर लेकर टीम ने पूछताछ की। साइबर क्राइम थाना ईस्ट पुलिस को ये शिकायत 19 फरवरी को एक व्यक्ति ने दी थी। इसमें बताया गया कि ठगों ने मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 17 लाख रुपये निवेश के नाम पर ट्रांसफर करवा लिए। बाद में रिफंड नहीं मिला तो ठगी का अहसास हुआ। साइबर क्राइम थाना पूर्व की टीम ने जांच करते हुए अब दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# दिल्ली में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, चार महिलाओं का रेस्क्यू किया गया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

केंद्रीय जिला पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में कुतुब रोड स्थित एक इमारत से संचालित हो रहे कथित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। इस दौरान चार महिलाओं का रेस्क्यू किया गया और एक आरोपी को अवैध गतिविधि चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस के अनुसार, अधिकारियों को कथित रैकेट के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने के बाद कुतुब रोड स्थित सारण बिल्डिंग पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई के बाद, 12 जून को एफआईआर के तहत अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपी अधिनियम) की धारा 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया। परिसर के मालिक के खिलाफ एफआईआर के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223ए के तहत अलग से कानूनी कार्रवाई भी शुरू की गई है। दोनों मामलों में जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि 11 जून को शाम करीब 7:30 बजे, एक गुप्त सूचना देने वाले ने नबी करीम पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) से संपर्क किया और पहाड़गंज के कुतुब रोड इलाके में एक इमारत से चलाए जा रहे कथित सेक्स रैकेट के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए सूचना की पुष्टि करने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम में सहायक कांस्टेबल हर्ष, सहायक कांस्टेबल श्रुति, हेड कांस्टेबल सुनील अधाना और विकास, कांस्टेबल धंसी और फेरू, और सहायक कांस्टेबल निशु शामिल थे, जो पुलिस स्टेशन नबी करीम के एसएचओ के पर्यवेक्षण में काम कर रहे थे।

# तुगलकाबाद में भयानक मंजर: ग्राउंड फ्लोर पर खड़े वाहनों में धधकी आग, धुआं पूरी इमारत में फैला; तीन की जान गई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में शुक्रवार तड़के एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच महिलाएं झुलस गईं। 70 साल की एक महिला समेत दो की गंभीर रूप से घायल हैं। दमकल कर्मियों ने साहसिक बचाव अभियान चलाकर कुल आठ लोगों को इमारत से बाहर निकाला और विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, रात करीब 2:25 बजे तुगलकाबाद की गली नंबर-1 स्थित नया तारा अपार्टमेंट के पास एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आग मकान के ग्राउंड फ्लोर पर खड़े वाहनों में लगी थी। इसके बाद धुआं तेजी से पूरी इमारत में फैल गया और कई लोग अंदर फंस गए।



दमकल विभाग के अनुसार, संबंधित इमारत ग्राउंड प्लस पांच मंजिला है और संकरी गली में स्थित होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद दमकल कर्मियों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और सुबह तक आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

अधिकारियों के मुताबिक, आग पर सुबह 3:45 बजे नियंत्रण पा लिया गया था, जबकि सुबह 4 बजे आग पूरी तरह बुझा दी गई। इसके बाद भी इमारत में फंसे लोगों की तलाश और बचाव अभियान जारी रखा गया।

डीएफएस के अनुसार, पांच महिलाओं को सफदरजंग अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया, जबकि दो महिलाओं और एक पुरुष को सीएटीएस एम्बुलेंस तथा पीसीआर की मदद से एम्स ट्रॉमा सेंटर के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में पहुंचाया गया। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती दो महिलाओं को ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन महिलाओं का उपचार जारी है। वहीं, एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती एक पुरुष ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल में भर्ती दो अन्य महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि पार्किंग क्षेत्र में लगी आग से निकला घना धुआं तेजी से ऊपरी मंजिलों तक पहुंच गया, जिससे लोग इमारत में फंस गए। पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## एक ही परिवार को तीन लोगों की हुई मौत

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पंकज (28), उनकी मां गुड्डी (50) और उनकी बहन सोनी (20) के तौर पर हुई है; ये सभी इमारत की तीसरी मंजिल पर रहते थे। पुलिस ने बताया कि परिवार के दो अन्य सदस्य, पंकज की एक और बहन मोनी (18) और उनकी 70 वर्षीय नानी, गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है।



## अपनी प्रतिभा के दम पर शिल्पा शेट्टी ने हासिल की करोड़ों की संपत्ति

90 के दशक में बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। अभिनेत्री ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर फिल्म इंडस्ट्री में एक खास मुकाम हासिल किया है। फिटनेस के प्रति जुनून और मनमोहक मुस्कान के लिए पहचानी जाने वाली शिल्पा आज भी मनोरंजन जगत की सबसे चर्चित हस्तियों में शामिल हैं। अपने सफल करियर के दौरान उन्होंने न केवल लोकप्रियता हासिल की, बल्कि करोड़ों की संपत्ति भी बनाई है, जो उन्हें बॉलीवुड की सबसे अमीर अभिनेत्रियों में से एक बनाती है। उनके जन्मदिन के खास मौके पर यह जानना दिलचस्प है कि उनकी कुल नेटवर्थ कितनी है और वह किन-किन बिजनेस से यह तगड़ा पैसा कमाती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिल्पा शेट्टी की नेटवर्थ 150 करोड़ रुपये के आसपास है। इस विशाल संपत्ति के साथ वह एक बेहद आलीशान जिंदगी जीती हैं, जिसका अंदाजा उनके पास मौजूद लग्जरी सामानों से लगाया जा सकता है। शिल्पा शेट्टी को गाड़ियों का भी बहुत शौक है और उनके पास एक शानदार कलेक्शन है।




## फिल्म में वेदांग रैना और नाओमिका के साथ अब प्रगति की एंट्री

बॉलीवुड अभिनेता वेदांग रैना की आगामी फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है, जिसने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया है। इस फिल्म में वेदांग रैना के साथ नाओमिका सरन के मुख्य भूमिका में होने की चर्चा थी, लेकिन अब एक और प्रतिभाशाली अभिनेत्री प्रगति श्रीवास्तव की भी इस प्रोजेक्ट में एंट्री हो चुकी है। यह फिल्म एक दिलचस्प मिश्रण होने वाली है, जिसमें रोमांस, कॉमेडी और रहस्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी में इन दोनों अभिनेत्रियों के किरदारों की अहम भूमिका होगी, जो कई अप्रत्याशित मोड़ लेकर आएंगे। फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है, लेकिन इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स जैसे प्रतिष्ठित बैनर तले हो रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण सिनेमा के लिए जाना जाता है। निर्देशन की बागडोर जगदीप सिद्धू संभाल रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले भी कई सफल फिल्में दी हैं। हालांकि, फिल्म की कहानी को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# सोशल मीडिया के दबाव पर छलका कृति खरबंदा का दर्द

## बोलीं- 'खुद को बेहतर दिखाने की होड़ में फंसे युवा'

अभिनेत्री कृति खरबंदा ने गुरुवार को सोशल मीडिया के कारण युवाओं पर बढ़ रहे मानसिक और भावनात्मक दबाव को लेकर चिंता जाहिर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर करते हुए बताया कि हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात कुछ ऐसे युवाओं से हुई, जो इस डिजिटल दुनिया के दबाव में बुरी तरह फंसे हुए हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 'आज मैं कुछ लोगों से मिली। वे सभी भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक रूप से बुरी तरह थके हुए थे। काम बहुत मुश्किल और अनिश्चित भरा था। वे सभी सोशल मीडिया पर मौजूद रहने और उसे बनाए रखने के दबाव के बारे में शिकायत कर रहे थे। उन सभी लोगों के मन में बड़े-बड़े सपने हैं और उन्हें पूरा करने का जज्बा भी, लेकिन सोशल मीडिया इसमें रुकावट बनता रहता है। इस बीच, मैंने एक बात महसूस की कि उन सभी में एक बात समान थी कि वे इंटरनेट पर लगातार एक्टिव रहने और खुद को बेहतर दिखाने की होड़ में फंसे हुए थे।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'युवा लगातार दूसरों से अपनी तुलना कर रहे हैं। वे न चाहते हुए भी बस कुछ न कुछ पोस्ट करने के दबाव में जी रहे हैं। इनमें से कई लोग अपनी निजी जिंदगी को सोशल मीडिया से दूर रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि ऐसा करने से वे दूसरों की नजरों से कम आकर्षक लगने लगेंगे।' इस बात पर दुख जताते हुए कृति ने लिखा, 'यह देखकर मेरा दिल बैठ गया। काश लोग समझ पाते कि सोशल मीडिया जिंदगी का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा है, पूरी जिंदगी नहीं। अगर सोशल मीडिया न भी हो, तब भी एक खूबसूरत और सुकूनभरी जिंदगी जी जा सकती है।' कृति ने युवाओं से अपनी मानसिक शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लिखा, 'हमें अपनी निजी बातें शेयर न करने और लोगों को अपनी जिंदगी में शामिल न करने को पूरी तरह नॉर्मल मानना चाहिए। किसी भी इंसान की कीमत उसके सोशल मीडिया एकाउंट से तय नहीं होनी चाहिए। मुझे पता है कि यह शायद शिकायत जैसा लग रहा है, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि बहुत से लोग ऐसा ही सोच रहे हैं।'





**अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'युवा लगातार दूसरों से अपनी तुलना कर रहे हैं। वे न चाहते हुए भी बस कुछ न कुछ पोस्ट करने के दबाव में जी रहे हैं।**

# बुमराह ने तीनो प्रारुपों में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया : म्हाम्ब्रे

**मुम्बई, यूटर्न/ 12 जून ।** भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह तीनों ही प्रारुपों में बेजोड़ हैं। म्हाम्ब्रे का मानना है कि साल 2013 में इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) में उतरने के बाद से ही बुमराह ने जिस तरह अपने प्रदर्शन को निखारा है, वह अविश्वसनीय है । इसके लिए उन्हें पूरा श्रेय मिलना चाहिए। बुमराह ने भारतीय टीम की टी20विश्वकप जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। म्हाम्ब्रे ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में उनका समर्पण और दृढ़ता असाधारण है। बुमराह बेहद केंद्रित हैं और अपने खेल को गहराई से समझते हैं। बेहतर करने की उनकी निरंतर चाहत ही उन्हें विश्व का नंबर वन गेंदबाज बनाती है, म्हाम्ब्रे ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का आंकलन केवल खेले गए मैचों की संख्या से नहीं, बल्कि तीनों प्रारुपों में उनके द्वारा डाले गए प्रभाव से किया जाना चाहिए। बुमराह इस कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरते हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी गति, सटीकता और अप्रत्याशितता से तीनो ही प्रारुपों में बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया है। गौरतलब है कि क्रिकेट जगत में ऐसे बहुत कम गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20, वनडे और टेस्ट जैसे तीनों प्रारूपों में इतना गहरा और व्यापक असर डाला हो।



# टीम में जगह नहीं मिलने से निराश नहीं :भुवनेश्वर

**मुम्बई, यूटर्न/ 12 जून ।** आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद भी भारतीय टीम में वापसी नहीं कर पाने के बाद भी अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार निराश नहीं हैं। भुवनेश्वर को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की आगामी टी20 टीम में शामिल नहीं किय गया है जबकि प्रशंसकों के साथ ही कई अनुभवी खिलाड़ियों का कहना था कि उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये। इसके बाद भी भुवनेश्वर ने चयनकताओं के फैसले पर किसी भी तरह की नाराजगी नहीं जतायी है। उनका कहना है कि चयनकर्ता अपना काम कर रहे हैं, जबकि उनका ध्यान सिर्फ अपने प्रदर्शन पर केंद्रित है। भुवनेश्वर के लिए आईपीएल 2026 बेहद सफल रहा। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) के लिए खेलते हुए 16 मैचों में 28 विकेट लिए। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए क्रिकेट पंडितों और प्रशंसकों को उम्मीद थी कि इस अनुभवी खिलाड़ी को एक बार फिर टीम में जगह मिलेगी पर ऐसा नहीं हुआ। चयनकताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए युवा प्रतिभाओं को ही अवसर दिया। भुवनेश्वर ने कहा, मेरा स्वभाव ऐसा है कि मैं कभी यह नहीं दिखाना चाहता कि मुझे टीम में खेलना है।

## फटाफट खबरें

### यूएई के ऊपर उड़ान के दौरान अमेरिकी फाइटर जेट ने भेजा इमरजेंसी का कोड

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 12 जून ।** संयुक्त अरब अमीरात के ऊपर उड़ान के दौरान अमेरिकी वायु सेना के एक एफ-35 फाइटर जेट ने कोड 7700 भेजा है, जिसका मतलब है 'जनरल इमरजेंसी' (आपातकालीन स्थिति) होता है। इसकी जानकारी फ्लाइट डेटा से प्राप्त हुई। इस तरह के कोड का मतलब कोई तकनीकी समस्या, आग, ईंधन की कमी या कोई अन्य समस्या हो सकती है। घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है।बाद में, विमान अबू धाबी के अल धफरा एयर बेस पर उतरा।

### क्यूबा की सरकारी तेल कंपनी पर अमेरिका के नए प्रतिबंध, ऊर्जा संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 12 जून ।** अमेरिका ने क्यूबा की सरकारी तेल एवं गैस कंपनी यूनियन क्यूबा-पेट्रोलियो (सीयूपीईटी) पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने हवाना पर आरोप लगाया है कि क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार ऊर्जा संसाधनों का इस्तेमाल दमनकारी नीतियों को बनाए रखने और शीर्ष नेतृत्व को लाभ पहुंचाने के लिए कर रही है। इन प्रतिबंधों के तहत सीयूपीईटी की अमेरिका में मौजूद या अमेरिकी व्यक्तियों के नियंत्रण वाली सभी संपत्तियों और हित फ्रीज कर दिए जाएंगे तथा उनकी जानकारी अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) को देनी होगी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश 14404 के तहत सीयूपीईटी को प्रतिबंधित संस्था घोषित करने की घोषणा की। रुबियो ने कहा कि क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार लंबे समय से ऊर्जा संसाधनों को दमन और भ्रष्टाचार के साधन के रूप में इस्तेमाल करती रही है। दशकों से बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश नहीं होने के कारण आम क्यूबाई नागरिक ईंधन की कमी और लगातार बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं, जबकि देश का नेतृत्व ऊर्जा संसाधनों का अपने हित में उपयोग कर रहा है।

### ईरान के विदेश मंत्री अराघची बोले- अमेरिकी कार्रवाई से अप्रैल का सीजफायर निष्प्रभावी हो गया

**तेहरान, यूटर्न/ 12 जून ।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका के नए हमलों ने दोनों पक्षों के बीच अप्रैल में हुए सीजफायर को बेअसर कर दिया है। गुरुवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश नीति के प्रमुख काजा कैलास के साथ फोन पर हुई बातचीत में अराघची ने हाल के अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे यूएन चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया। सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने हमलों के खतरनाक नतीजों के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने गुरुवार सुबह कहा कि उसकी सेनाओं ने ईरान के बेवजह और लगातार हमले के जवाब में कई ईरानी ठिकानों पर और हमले किए हैं। सीईएनटीसीओएम ने एक्स पर लिखा, 'सीईएनटीसीओएम फोर्स ने पूरे ईरान में ईरानी मिलिट्री सर्विलांस कैपेबिलिटी, कम्युनिकेशन सिस्टम और एयर डिफेंस साइट्स पर हमले किए। अमेरिकी मरीन कॉर्प्स, एयर फोर्स और नेवी के एसेट्स ने ईरानी टारगेट पर सटीक हथियार दागे, जो अमेरिकी फोर्स और इलाके के पानी में आने-जाने वाले अंतरराष्ट्रीय कमर्शियल जहाजों के लिए खतरा थे।' इसमें आगे कहा गया..

## फोटो स्टोरी



ईरानी ड्रोन हमलों के बाद बहरीन में लगी आग को बुझाने में जुटे दमकलकर्मी

### श्रीलंका की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने भारत दौरे से मिली सीख साझा की

**कोलंबो, यूटर्न/ 12 जून ।** श्रीलंका की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त से मुलाकात की और पिछले महीने भारत दौरे से मिली सीख और अनुभव साझा किए। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भारत और श्रीलंका में नारी शक्ति को मजबूती। श्रीलंका की महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने मई 2026 में भारत दौरे से मिली सीख और अनुभव शेयर करने के लिए हाई कमिश्नर संतोष झा से मुलाकात की।' इसमें आगे कहा गया, 'जेंडर बजटिंग, महिलाओं और बच्चों के न्यूट्रिशन, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास, डिजिटाइजेशन और कम्युनिटी एंगेजमेंट में सबसे अच्छे तरीकों को शेयर करने पर बात हुई।' भारतीय उच्चायोग के मुताबिक, श्रीलंका की 19 महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व महिला और बाल मामलों की मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज कर रही थीं, 10-16 मई तक भारत आया। इस प्रतिनिधिमंडल में 15 सांसद और श्रीलंका की संसद के चार अधिकारी शामिल थे..

## अमेरिकी सीनेट की सुनवाई में चीन के साथ एआई की होड़ मुख्य मुद्दा बनी

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 12 जून ।**



अमेरिका की दोनों पार्टियों के सांसदों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं करता है, तो उसे चीन के मुकाबले अपनी तकनीकी बढ़त खोने का खतरा हो सकता है।

सीनेट की एक सुनवाई में राष्ट्रीय सुरक्षा, नौकरियों और एआई के तेजी से विस्तार को लेकर बढ़ती चिंताओं पर जोर दिया गया। एआई पर सीनेट बैंकिंग कमेटी की सुनवाई में चेयरमैन टिम स्कॉट ने कहा कि अमेरिका को यह पक्का करना होगा कि एआई अर्थव्यवस्था को मजबूत करे और साथ ही चीन जैसे प्रतिद्वंद्वियों को रणनीतिक बढ़त हासिल करने से रोके।

स्कॉट ने कहा, 'आज, यह कमेटी एक सीधा लेकिन अहम सवाल पूछ रही है, हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सही इस्तेमाल कैसे करें?' उन्होंने एआई को एक ताकतवर टूल बताया जो लागत कम कर सकता है, फाइनेंशियल सर्विस को बेहतर बना सकता है, छोटे व्यवसायों की मदद कर सकता है और नौकरियां पैदा कर सकता है। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका 'चीन या किसी अन्य विरोधी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में तकनीकी बढ़त हासिल करने नहीं दे सकता।'

इस सुनवाई में वॉशिंगटन में दोनों पार्टियों के बीच सहमति का एक दुर्लभ उदाहरण देखने को मिला।

रैंकिंग मेंबर एलिजाबेथ वॉरेन ने ट्रंप प्रशासन की एआई नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए चीन को एडवांस्ड चिप्स और कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी के जाने पर भी चिंता जताई।

वॉरेन ने कहा, 'एआई में बहुत संभावनाएं हैं। लेकिन अमेरिकी सही तौर पर चिंतित हैं कि यह हमारी अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रभावित कर सकता है।



### फिनलैंड राष्ट्रपति स्टब ने भारत को बताया 'प्रभावशाली देश', जयशंकर के साथ वैश्विक मुद्दों पर की चर्चा

**हेलसिंकी, यूटर्न/ 12 जून ।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत को वैश्विक मंच पर एक 'प्रभावशाली देश' बताया और कहा कि नई दिल्ली की राय को सुनना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह बात हेलसिंकी में हुए 'कुलतारना टॉक्स' के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मुलाकात के दौरान कही। मुलाकात के बाद स्टब ने 'एक्स' पर लिखा, 'आज हमने कुलतारना में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। हमने मध्य पूर्व और फारस की खाड़ी की स्थिति, रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों और आने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन पर चर्चा की। भारत एक प्रभावशाली देश है, जिसकी राय सुनना बहुत महत्वपूर्ण है।' दोनों नेताओं ने बदलती वैश्विक स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और इस बात पर जोर दिया कि आज के अनिश्चित माहौल में कूटनीति बहुत जरूरी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी इस मुलाकात की जानकारी 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा, 'कुलतारना वार्ता के मौके पर फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से मिलकर खुशी हुई।

## अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजने के खिलाफ सीमा पर प्रदर्शन की योजना बना रहा जमात

### हाईअलर्ट जारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 12 जून ।**



भारत की खुफिया एजेंसियां भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी नजर रख रही हैं। जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को कथित तौर पर घुसाने के खिलाफ बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं।

भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे जिलों में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन शुरू होने वाले हैं। इसके साथ ही 15 जून को एक रैली और जुलूस निकालने की योजना भी है।

एक अधिकारी के अनुसार, इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान बांग्लादेश की कुछ राजनीतिक पार्टियां अवैध प्रवासियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई को लेकर ऐसे दावे प्रचारित करने की कोशिश कर सकती हैं, जिन्हें भारतीय एजेंसियां भ्रामक और गलत जानकारी मानती हैं। अधिकारी ने कहा कि भारत की ओर से सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है, फिर भी जमात ने घुसपैठ के आरोप लगाए हैं और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर सीमा क्षेत्रों में बांग्लादेशी नागरिकों की हत्या करने का आरोप भी लगाया है।

अधिकारी ने कहा, 'यह जानकारी और कहानी जो बनाई जा रही है, वह पूरी तरह से झूठी है। इसका मकसद लोगों को भारतीय सरकार के खिलाफ भड़काना और गलत जानकारी फैलाकर बीएसएफ को भी निशाना बनाना है।' गठबंधन ने तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सरकार पर इस मुद्दे पर बहुत नरम रवैया अपनाने और भारत के साथ मिली होने का भी आरोप लगाया है। खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश में 11 पार्टियों के गठबंधन के दो मुख्य मकसद हैं।

इनका एक मकसद गलत जानकारी फैलाने वाला अभियान चलाना और दूसरा भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पैदा करना है।

इस साल की शुरूआत में तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद, भारत और बांग्लादेश दोनों ने अपने संबंध ठीक किए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर काम कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश ने संकेत दिया है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है और भारत की रणनीतिक अहमियत को समझता है।

## डोनाल्ड ट्रंप का दावा- यूरोप में फाइनल होगी समझौते की डील

### अमेरिका को नहीं रहा पाकिस्तान पर भरोसा

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 12 जून**



अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी गंभीर सैन्य और कूटनीतिक तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा दावा किया है। ट्रंप का कहना है कि दोनों देशों के बीच एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक समझौता होने वाला है, जो अंतिम दौर में पहुंच चुका है। हालांकि, इस समझौते का श्रेय लेने की कोशिशों में जुटे पाकिस्तान को झटका देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कर दिया है कि इस शांति समझौते पर हस्ताक्षर पाकिस्तान की धरती पर नहीं होंगे, बल्कि इस अंतिम डील को यूरोप में फाइनल किया जाएगा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान लंबे समय से इन दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराने और इसका क्रेडिट लेने के प्रयास कर रहा था, और वहां पहले भी एक दौर की वार्ता पूरी तरह विफल हो चुकी थी। इस बीच, जहां ट्रंप इस समझौते को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिख रहे हैं, वहीं ईरान ने फिलहाल अमेरिकी दावे को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी किसी भी डील से इनकार किया है।

### पहले धमकाया फिर ट्रंप ने हथियार डाले बोले- समझौता करेंगे

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ होने वाले बड़े सैन्य हमलों और बमबारी को अचानक रद्द करने का एक बेहद चौंकाने वाला फैसला लिया है। इसके साथ ही उन्होंने दोनों देशों के बीच एक व्यापक और ऐतिहासिक शांति समझौते की संभावना जताई है। ट्रंप ने कहा है कि इस नए समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय और स्थान की घोषणा बहुत जल्द ही कर दी जाएगी, जो खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय से जारी तनाव को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। कुल मिलाकर ट्रंप ने पहले ईरान को डराने की कोशिश की जब इसका कोई असर नहीं हुआ तो खुद ने हथियार डाले और समझौते की बात करने लगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर एक विस्तृत पोस्ट साझा करते हुए इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *